## डायलिसिस मशीन का किडनी पीड़ित मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

**गंगापुर सिटी ।** जिला अस्पताल में किडनी फेल्योर और संक्रमण के मरीजों को राहत देने के लिए प्रदेश स्तर पर करीब 364 डायलिसिस की मशीन आठ माह पूर्व 38 करोड 57 लाख रुपए से खरीद की गई थी।

4 महीने पहले इनमें से दो मशीन गंगापुर पहुंच चुकी, लेकिन दोनों मशीनी अनुपयोगी साबित हो रही है। हालांकि गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में चार माह पूर्व दो आई और डायलिसिस तो इन्स्टॉल हो चुकी है, लेकिन सरकार के आदेश न मिलने के कारण अभी तक इनका उपयोग शुरू नहीं हुआ है। हैरत की बात है कि मशीनें अभी तक खुली तक नहीं। बता दे कि डायलिसिस करने के लिए टेक्निकल स्टाफ और डायलिसिस बेड की जरूरत होती है। इनमें से अस्पताल में एक भी डायलिसिस बेड नहीं है, जिससे किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों का इलाज किया जा सके। परेशानी यह है कि गंगापुर सिटी जिला अस्पताल से मरीजों और उनके परिजनों को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में जाने को मजबूर होना पड रहा है। हालांकि निजी अस्पतालों में एक बार डायलिसिम के 45०० रुपए तक लेते है। मरीजों को हर सप्ताह तीन डायलिसिम की आवश्यक होती है। ऐसे में एक सप्ताह के 12,5०० रुपए खर्च करने पडते है।

# मनोहरपुर में दीपावली पर बाजारों में रोशनी की

**मनोहरपुर ।** कस्बे में रोशनी का पर्व व उमंग उल्लास के साथ मनाया गया। कस्बेवासियों ने शुभ मुहूर्त में अपने घरों और प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी पूजन कर सुख समृद्धि की मंगल कामना की। साथ ही पटाखे और रंग बिरंगी आतिशबाजी से आसमान सरोबार हो उठा।

मंदिरों से लेकर घर पूरी तरह रंग बिरंगी आकर्षक रोशनी से जगमगा उठे। महिलाओं बच्चों और युवाओं ने जमकर आतिशबाजी का आनंद लिया। दीपावली के दिन सुबह से कस्बे के मुख्य बाजारों में खरीदारी करने के लिए अच्छी खासी भीड़ रही। कस्बेवासियों ने घरेलू साज सज्जा, मांडने,दीपक, लक्ष्मी पूजन सामठी, फल फूल, सुंदर वस्त्र, मिठाई, खरीदते नजर आए। साथ ही शहर वासियों ने कपड़े और वाहन भी खरीदे। बाजारों में पटाखे की अस्थाई दुकानों पर भी कस्बेवासी पटाखे खरीदते नजर आए। दीपावली को शाम को कस्बेवासियों ने सुंदर वस्त्र पहनकर शुभ मुहूर्त में घरों में दीप प्रज्वलित किये। इसके बाद इसके बाद शुभ मुहूर्त में भगवान गणेशजी, लक्ष्मी जी सरस्वती देवी, भगवान कुबेर से सुख समृद्धि की कामना के साथ पूजन किया। लक्ष्मी पूजन के पश्चात कस्बेवासी अपने परिवारों के साथ बाजार की रोशनी देखने गए। कस्बे के गांधी चौक, सैय्यद बाबा मार्किट सहित अनेक जगह आकर्षक सजावट और रोशनी की गई। शहर के मुख्य बाजार रोशनी से गुलजार नजर आ रहे थे। शहर में दीपावली के अवसर पर यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा वहीं शहरवासियों ने शनिवार को गोवर्धन को सुबह गोवर्धन पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की इसके पश्चात महिला, पुरुष, और बच्चों ने सुंदर परिधान पहनकर अपने रिश्तेदारों के घर जाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।

मनोहरपुर कस्बे में रोशनी का पर्व व उमंग उल्लास के साथ मनाया गया।

## यात्रियों का स्वागत

**खाटूश्यामजी।** खाटूश्यामजी से मक्का मदीना उमराह पर जाने वाले चार यात्रियों का लोगों ने साफा पहनाकर व माला पहनाकर अभिनन्दन किया। इससे पूर्व सामूहिक कार्यक्रम में उमराह जाने वाले हाजी गुलाब खां तेली,अमीना बानो,रोशन खां तेली,मैना बानो का समाज के लोगों ने स्वागत करते हुए कहा कि मदीना वालों को हमारा सलाम कहना व सभी के लिए अमन चैन की दुआ करना।दांतारामगढ़ विधायक वीरेन्द्र सिंह उमराह पर जाने वाले यात्रियों को माला पहनाकर स्वागत कर सुखमय यात्रा की दुआ की।इसके साथ ही खाटूधाम पत्रकार संस्थान के अध्यक्ष सीताराम मर्मी, कोषाध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, मंत्री विकास सोनी,सदस्य विधाधर शर्मा ने पुष्प हार पहनाकर,शॉल ओढ़ाकर साफा पहनाकर सम्मान किया वही हिंदु समाज के लोगों ने साफा बंधवाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान रामचन्द्र जिजंवाडिया, प्रधानाचार्य रजनीश शर्मा, रमेश स्वामी, सफी खां, इकबाल खां, बुंदू खां, साहिल खां, गौरीशंकर मीणा, रमेश स्वामी, रूपनारायण वशिष्ठ, छोटूराम शेरावत,राजू माटोलिया, हितांशु भारद्वाज, दीपक बानगी,मुकेश निमावत, हैरम्भ रामूका, गोकूल स्वामी, नीतिश अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।गौरतलब है कि यह जत्था सोमवार प्रातः चार बजे जयपुर से रवाना होगा और इसमें खाटूश्यामजी के चार लोगों सहित करीब चालीस लोग शामिल हैं।

# त्योहार में विभिन्न रूटों पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन

- स्टेशनों एवं ट्रेनों में रेल प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**कोटा,** (निसं)। त्यौहारों के अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा लगभग 7500 विशेष गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले साल 4,500 विशेष गाड़ियाँ चलाई गई थी। स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधाओं तथा गाड़ियों की आवागमन की सही समय की देखरेख के लिए रेलवे बोर्ड, जोनल रेलवे मंडल तथा स्टेशन स्तर पर विशेष कंट्रोल रूम बनाए गए हैं जो किसी तरह की समस्या से निपटने के लिए मौजूद है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष प्रबंध किए हैं। कतारबद्ध तरीके से यात्रियों को ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था देखने भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त कर्मचारी और रेल सुरक्षा बल के जवान तैनात किए हैं। कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे ने अतिरिक्त कोच व रेक की ब्यवस्था रिज़र्व में की हैं जिसे अधिक भीड़ होने पर इन्हें तत्काल स्पेशल ट्रेन बनाकर चलाया जा सकें। 2 नवंबर 2024 को रेलवे ने 168 से अधिक विशेष गाड़ियाँ चलाई, 3 नवंबर 2024 को 188 विशेष गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं। कोटा से कोटा-दानापुर सहित कोटा होकर विभिन्न रूटों पर स्पेशल ट्रेनों को चलाया जा रहा है। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा आगामी त्यौहार के दौरान रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ रही भीड़ की संभावना को देखते हुऐं रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किये है।

**ट्रेनों और प्लेटफार्म में सुरक्षाः-** ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर आने-जाने वाले स्थानों पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ किया गया है, साथ ही प्लेटफार्म में आने-जाने वाले यात्रियों के सामान को चेक किया जा रहा है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकें। आरपीएफ द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है।

**विशेष बल की अतिरिक्त तैनातीः-** प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ/जीआरपी एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारी तैनात किए गए हैं। ट्रेनों में भी रेलवे सुरक्षा बल की संख्या बढ़ाई गई है।

**एनाउंसमेंट के माध्यम सेः-** सभी यात्रियों से अपील की जाती है कि वे यात्रा के दौरान अपने सामान की देखभाल करें और संदिग्ध वस्तुओं को रेलवे परिसर में न लाएं। ट्रेनों में उतरते एवं चढते समय सावधानी बरतें।

**सीसीटीवी निगरानीः-** रेलवे स्टेशनों और प्लेटफार्मों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

**पुलिस नियंत्रण कक्षः-** रेलवे स्टेशनों पर 247 नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की समस्या के लिए तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए संपर्क करने का आग्रह किया जाता हैं। आरपीएफ सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा बल को दें।

## पानी के मुद्दे पर 6 को होगी रूपवास क्षेत्र में सभाऐं

**भरतपुर** (निस)। पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने तथा बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने तथा ईआरसीपी पर शीघ्र कार्य आरम्भ कर भरतपुर और डीग जिले में प्रथम चरण में पानी लाने की माँग को लेकर किसान संघर्ष समिति द्वारा 6 नवम्बर को रूपवास क्षेत्र के गाँवों में सभाऐं आयोजित होगी। किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने बताया कि पानी के मुद्दे पर होने बाली सभाऐं 6 नवम्बर को 11 बजे दाहिना गाँव व दोपहर 2 बजे ठाम दौरदा में होगी। जिनमे आसपास के निकटवर्ती गाँवों के लोग भी हिस्सा लेगे। इन सभाओं को समाजवादी शताब्दी पुरुष से सम्मानित पूर्व सांसद पंडित रामकिशन, रूपवास के पूर्व प्रधान सालीग्राम शर्मा, किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने मुख्य रूप से संबोधित करेंगे।

## भगवान महावीर स्वामी का निवार्णोत्सव मनाया

**फुलेरा ।** कस्बे के श्री आदिनाथ जिनालय मे श्री दिगम्बर जैन पंचायत की ओर से महावीर स्वामी का 2551वां निवार्णोत्सव मनाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए जैन समाज के अध्यक्ष निलेश बडजात्या ने बताया कि समाज की ओर से महावीर स्वामी का अभिषेक एवं नित्य नियम पूजन किया गया। इसके बाद वहीं सुबह शांतिधारा की गई। इसी क्रम में महावीर स्वामी की पूजा अर्चना के बाद सामूहिक निर्वाण लड्डू चढाया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बिरदी चन्द वैद, सुरेश रावका, कैलाश बेनाडा, विमल काला, कमल वैद, सुबोध छाबडा, महेश रावका, गजेन्द्र लुहाडिया, राकेश रावका, विनोद गोधा, राजकुमार रावका, सुरेश बडजात्या, प्रवीण बडजात्या, महावीर बडजात्या, महावीर बैनाडा,सन्दीप लुहाडिया, ताराचन्द सोगानी, अंकित काला, महावीर वैद, अनिल लुहाडिया, राकेश जे.डी.जैन, अभिषेक रावका सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दो मंजिला कपड़ा शोरूम की दुकान में आग से लाखों का नुकसान

**भरतपुर** (निस)। कोतवाली थाना क्षेत्र में देर रात उस वक्त हंगामा मच गया। जब रेलवे स्टेशन के पास रेल पुलिस चौकी के सामने बजरिया में स्थित कपडों के दो मंजिला शोरूम में आग लगती देखी। देखते ही देखते आग पूरे शॉरूम में पंहुच गई और शॉरूम के ऊपर व्यापारी मुरारी और रवि के निवास में भी पंहुच गई। अचानक आग लगने से आस पास अफरातफरी मच गई। लोगों ने घटना की सूचना दुकान मालिक रवि गोयल और मुरारी, पुलिस और दमकल विभाग को दी।

घटना की जानकारी मिलने पर नगर निगम की आधा दर्जन दमकल गाडियां मौके पर पहुच गई लेकिन नगर निगम की दमकले ज्यादातर खराब पडी हैं दो तीन दमकल मौके पर थी जब आग ने विकराल रूप लिया तो कुम्हेर, उच्चैन सहित बाहर की नगर पालिकाओं से दमकल गाडियां बुलाई गई करीब 15 दमकलों ने 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर नगर निगम के आयुक्त श्रवण कुमार एवं भाजपा के जिला महामंत्री एवं व्यापारी नेता बृजेश अठावाल सहित अनेक प्रमुख लोग भी मौके पर पंहुचे।

घटना रेलवे स्टेशन के पास बजरिया के पास की है। जहां मुरारी लाल एण्ड ब्रदर्स के नाम दो मंजिले कपडे की दुकान है। यह दुकान करीब 40 साल पुरानी है। दुकान मालिक मुरारी लाल ने बताया कि कल वह गोवर्धन पूजा के बाद दुकान के ऊपर बने घर में सोने चले गए। रात करीब साढे बारह बजे उनके पास फोन आया कि दुकान में आग लगी हुई है। जिसके बाद दुकान मालिक अपने परिवार के साथ नीचे आया और दुकान की शटर को खोला गया। दुकान के अंदर आग की लपटे निकल रहीं थी। जिसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। जिसके बाद करीब एक दर्जन दमकल गाडियां ने करीब 6 घंटे की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## वृद्धजनों का सम्मान किया

**निवाई ।** गांव बस्सी में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 105 वर्ष के बस्सी गांव के बुजुर्ग रंगलाल हांखला का स्वागत किया व सभी लोगों ने आशीर्वाद लिया। बाबूलाल पोसवाल बस्सी ने बताया कि गोर्वधन पूजन की शाम को रंगलाल हांखला का ग्रामीणों ने सम्मानित किया गया। सभी लोगों ने 105 वर्ष के बुजुर्ग रंगलाल हांखला से आशिर्वाद लिया है। समारोह में बुजुर्ग रंगलाल हांखला ने कहां कि बुजुर्ग माता पिता की सेवा करने से जीवन सफल होता है। अपने से बड़ों की राय लेने से बिगडता कार्य भी सफलता पूर्ण संपन्न हो जाता है। इस दौरान उन्होंने आ ान करते हुए कहा कि नशा व ताशपत्ती नहीं खेले। इनसे परिवार बर्बादी की ओर चला जाता है। बुजुर्गों की सेवा ही हमारा परम धर्म है। वृद्धजन सम्मान समारोह से समाज में एक अच्छा संदेश दिया है। यह एक अनुठी पहल है। इस अवसर पर माणक कसाणा, लादूराम हाखला, रामकरण, देवनारायण, मुकेश, कालूराम व कालूराम सहित कई लोग मौजूद थे।

## 'भैरु बाबा मेला भारतीय संस्कृति की धरोहर'

- हतीजर में भैरु बाबा मेला का शुभारम्भ

**हलैना भरतपुर** (निस)। भैर बाबा मेला कमेटी, ठाम पंचायत एवं सर्व समाज की ओर से गांव हतीजर स्थित भैर बाबा मन्दिर पर 786वां भैर बाबा मेला का शुभारम्भ सरपचं मीना गिर्राजसिंह डागुर ने किया।

रिटायर्ड आईएएस महावीर सिंह, आर्मी के रिटायर्ड नायब सूबेदार दिलीप सिंह, मारुति कम्पनी के एमडी जगत सिंह अतिथि रहे। मेले में गांव हतीजर सहित कई गांवों के गणमान्य नागरिक, मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। उद्घाटन होते ही महिला-पुरूष व बच्चे पूजा-अर्चना तथा मेला का आनन्द लेने को उमड पडे। जिन्होने भैर बाबा एवं अन्य देवी-देवताओं के जयकारे और महिलाओं ने लोकगीत व भजन पर जमकर ठुमके लगाए। देव उठावनी एकादशी-2023 से अब तक हुए युवक-युवती के विवाह एव जन्मे शिशु के परिवार के लोगों ने दर्शन कर भोग लगाए और घर-घर में पकवान बने। वक्ताओं ने कहा कि भैर बाबा मेला भारतीय संस्कृति की धरोहर है और भाईचारा व प्रेम का प्रतीक है। लोकदेवता की पूजा-अर्चना से परिवार का कल्याण होता है और सामुहिक आयोजन से समाज में भाईचारा व देशभक्ति की भावना कायम होती है।

भैर बाबा के प्रति सर्व समाज के लोगों में आस्था भरपूर है। मेला कमेटी अध्यक्ष गिर्राज डागुर व प्रवक्ता धनवीर डागुर ने बताया कि भैर बाबा मेला के अवसर पर महिला वर्ग की रंगोली सजावट, बच्चों की खेलकूद, पुरूष वर्ग की 1000 मीटर लम्बी दौड, सवा किमी लम्बी घोडी व ऊंट दौड प्रतियोगिताएं हुई। साथ ही गांव व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधी आदि का सम्मान किया गया। मेले में गांव हतीजर, झामरी, बडखेडा, न्यामदपुर, हन्तरा, अरोदा, धरसौनी, जीवद, अटारी, डहरा, गंगवाना, बछामदी, खेडली गडासिया आदि जिले के भैर बाबा के भक्तों ने भाग लिया।

## माहेश्वरी दम्पत्ति को समाज सेवा रत्न सम्मान भेंट

**कोटा,** (निसं)। भीलवाड़ा मे एक सादे समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत के राजस्थान प्रदेश के कोटा जिलाध्यक्ष के रूप में दम्पत्ति सुमन लता डॉ.महेन्द्र मोहन माहेश्वरी के द्वारा वर्ष 2016 से नियमित रूप से परमार्थ हितार्थ सेवा कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों हेतु कई बार सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर पर कोटा जिला शाखा को सम्मानित भी किया गया है। इनके नैतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब की विभिन्न जिला शाखाओं द्वारा पूरे प्रदेश में वर्ष 2018 से विशेष तौर पर सरकारी स्कूलों में जरूरतमंद एक लाख से अधिक बच्चों को निःशुल्क चप्पल वितरण एवं शैक्षणिक सामग्री का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है। 3 नवम्बर रविवार को भीलवाड़ा प्रवास पर उनके नैतृत्व में कोटा जिला शाखा द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों हेतु अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ. अशोक सोडाणी ने उन्हें समाज सेवा रत्न सम्मान भेंट किया। शॉर्ट फ़िल्म निर्माता निर्देशक व रंगमंच के वरिष्ठ कलाकार डॉ महेन्द्र मोहन माहेश्वरी ने अपने सम्मान के अवसर पर क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ.अशोक सोडाणी का आभार व्यक्त किया।

# पीएचसी रघुनाथपुरा को सीएचसी में क्रमोन्नत कराने की मांग

### सेवा समिति के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा स्थित पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत कराने की मांग को लेकर अग्रवाल सेवा समिति रघुनाथपुरा के अध्यक्ष एड. दिनेश कुमार अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखा है।

अग्रवाल ने पत्र में बताया कि रघुनाथपुरा एन. एच. 48 तहसील कोटपूतली में स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण सन् 1962 में तत्कालिक विधायक मुक्तिलाल मोदी के प्रयासों से भामाशाह सेठ गोविन्दराम परिवार द्वारा करवाया गया था। तब से आज तक लगातार मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है, लेकिन उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के क्रमोन्नत नहीं होने से स्वास्थ्य केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं का निरन्तर अभाव हो रहा है व वर्तमान में ओ.पी.डी. संख्या लगभग 150-200 है। उक्त स्वास्थ्य केन्द्र रघुनाथपुरा एन.एच. 48 स्टैण्ड पर स्थित है व ग्राम रघुनाथपुरा स्टैण्ड से करीब 20 गांव व ढाणियों के लोग उपचार हेतु मरीजों को कोटपूतली व पावटा ले जाते है। जिससे गरीब लोगों का मरीजों को लाने व ले जाने में वाहनों पर खर्चा होता है व आसपास कोई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित नहीं है। यदि ग्राम रघुनाथपुरा में स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को क्रमोन्नत कर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बना दिया जावें व इसमें समुचित स्टॉफ फिजिशियन , ई.एन.टी. चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टॉफ व जांच मशीनों द्वारा मूलभूत सुविधा प्रदान कर दी जावे तो क्षेत्रवासियों को ईलाज में काफी सहूलियत मिल जावेगी एवं समय व धन की बर्बादी से मरीज व उसके परिजन बच सकेंगे।

पीएचसी रघुनाथपुरा को सीएचसी में क्रमोन्नत कराने की मांग की गई।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन का दिया न्यौता

**भीलवाड़ा।** स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद चौपड़ा के नेतृत्व में प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली व आचार्य ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष देवकिशन आचार्य ने राज्यसभा सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से पाली उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें फूलो का गुलदस्ता व मिठाई भेंट कर समाज की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन कर दीपावली की बधाई दी और उन्हें अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वावधान में 12 नवम्बर को नगर निगम भीलवाड़ा के चित्रकूट धाम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन व सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने का निमंत्रण दिया गया। साथ ही सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर भी विस्तार से समाज के बारे में चर्चा की गई ओर उन्होंने आश्वस्त किया कि वे 12 नवम्बर को नव युगलों को आशीर्वाद देने जरूर पहुंचेंगे। इस अवसर पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष झंवरीलाल काकरिया, भंवर लखेरा, अशोक भण्डारी व उदयलाल माली भी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### भैया दूज का त्योहार मनाया

**पावटा।** उपखंड पावटा क्षेत्र में रविवार को भैया दूज का त्योहार पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाया। बहनों ने भाइयों के अलावा अपनी भाभियों को भी तिलक लगाया। इस दिन को श्रद्धापूर्वक मनाने से भाई की आयु वृद्धि और बहन को सौभाग्य सुख की प्राप्ति होती है। रविवार को कुंवारी कन्याएं और महिलाएं सुबह जल्दी उठीं और सज-संवरकर मंदिरों के दर्शन करने पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने कहानी सुनी व बाजार से मिठाई खरीदी। बहनों ने भाइयों को शुभ मुहूर्त में तिलक लगाया। टीका भाई की लंबी आयु की कामना का प्रतीक होता है। बदले में भाइयों ने अपनी लाडली बहनों को उपहार स्वरूप बर्तन, आभूषण और रुपए व आशीर्वाद दिया। त्योहार के मौके पर बहनों ने भाइयों को खास अंदाज में विश किया। इस दिन छोटी-छोटी बालिकाओं में भी अपूर्व उत्साह नजर आया। भैया-दूज के त्योहार पर बहनें भाइयों की लंबी उम्र की कामना करती हैं। यह त्योहार भाई-बहन के बीच परस्पर स्नेह को बढाता है। तिलक में श्रीलक्ष्मी का वास माना जाता है। अक्षत पवित्रता का प्रतीक है। वैदिक काल से चला रहा यह त्योहार आज भी उपखंड पावटा क्षेत्र में परंपरा और उल्लास से मनाया जाता है।

### आज से शुरू होगा कृषि मंडी व्यापार

**निवाई ।** दीपावली पर्व को लेकर सात दिन के अवकाश बाद सोमवार से कृषि मंडी व्यापार पुनः शुरू होगा। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचंद बोहरा ने बताया कि दिपावली पर्व पर कृषि उपज मंडी समिति द्वारा सात दिन तक कृषि मंडी में अवकाश रखा गया था। कृषि मंडी व्यापारी दीपोत्सव पर कृषि मंडी में महालक्ष्मी व कुबेर की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सोमवार को कृषि मंडी परिसर में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में मंडी व्यापारियों द्वारा शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर पुनः मंडी व्यापार शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि शुभ मुहूर्त में ही जिंसों का क्रय विक्रय किया जाएगा।

### भजन कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**शाहपुरा ।** भूरी डूंगरी चंदवाजी में स्थित भोमिया जी महाराज व पितर जी महाराज के मंदिर में भजनों का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भजन संध्या में नवरंग म्युजिक एण्ड फिल्म्स के गायक व लेखक लालचंद नवरंग ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी और श्रोताओं को जमकर नचाया । साथी कलाकार मोहन सतरंगी ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सुभाष शर्मा, श्याम नवरंग, मौसम भाई, सुभाष डांसर, विक्की छैला, दीपक हरजनपुरा ने भी अपनी कला की शानदार प्रस्तुति दी। सुबह आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया भाई दूज पर्व

**निवाई ।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को महिलाओं ने भाई बहन के प्यार के प्रतीक भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। भाई बहन के प्यार, स्नेह व सौहार्द का प्रतीक भाई दूज पर्व पर महिलाएं समूह के साथ एक जगह एकत्रित होकर पूजा अर्चना करके भाई दूज की कथा सुनी व भाईयों की लम्बी उम्र की मनोकामना की। महिलाओं ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर पूजा की और उनके लिए भोजन तैयार करके प्यार से खिलाया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा करने का वादा लिया। इस दौरान पूजा शर्मा झिलाय, हेमलता शर्मा, शिमला शर्मा, सुनिता बडागांव, कृष्णा अग्रवाल, कृष्णा जैन व संगीता बहड सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

### दीपावली की दी शुभकामनाएं

**मनोहरपुर ।** भाजपा से कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जयपुर ग्रामीण सांसद में भारत सरकार में वित्तीय सलाहकार समिति के सदस्य राव राजेंद्र सिंह से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद को माल्यार्पण कर और साफा पहनकर स्वागत किया।सांसद ने भी सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर उन्हें भी दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान भाजपा ऐसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामावतार असवाल, अटल पारीक, परमेश्वर शर्मा, संपूर्णानंद शर्मा आनंद मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

### बाबासाहेब की मूर्ति का अनावरण किया

**बहरोड / नीमराना।** जिला कोटपूतली बहरोड के गांव नांगल खोड़िया में 3 नवंबर 2024 को ग्रामीणों ने राजनेताओं को नकारते बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का सामाजिक अनावरण किया। ग्रामीणों ने बताया कि समाज के सहयोग निर्मित मूर्ति का ग्रामीणों सहित भारत रत्न अंबेडकर विचार मंच नांगल खोडिया बहरोड ने अनावरण कर संविधान का पालन करने की प्रतिज्ञा ली है। इस दौरान बद्री प्रसाद, बिसंभर दयाल, रामनिवास, महेंद्र फौजी, निरंजन लाल, मुकेश फौजी, सतीश सैन, विकास, पंकज, अजीत, सुनील, धर्मेंद्र, कालू खान, अंकित, दीपचंद, सचिन, योगेश, नरेश, अंशु, शाहरुख खान, कपिल आदि सहित सैकडों महिलाएं मौजूद रहे।

### सडक निर्माण कार्य के कारण जाम लगा

**कोटपूतली ।** निकटवर्ती ग्राम नारेहडा में सडक निर्माण कार्य के चलते आये दिन जाम लगा रहता है। जिससे वाहन चालकों को घण्टों तक इंतजार करना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों को भी आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। सडक पर दोपहर बाद लगा लम्बा जाम रात्रि तक जारी रहा। मार्ग पर सडक की खुदाई का कार्य चल रहा है, जिससे भारी वाहनों का आवागमन ज्यादा होने पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती हैं। जाम लगने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। भैया दूज का त्यौहार होने पर यातायात का भारी दवाब रहा। जिससे यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। व्यापारियों का कहना है कि अगर वाहनों के निकलने की जगह बना दी जाये या जाम को निकालने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिये जाये तो जाम से निजात मिल सकती हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि अब देवउठनी के सावे पर भी यातायात अधिक रहेगा जिससे काफी परेशानी होगी।

### निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर

**कोटा,** (निसं)। कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट ग्रुप के नए अस्पताल श्रीजी हॉस्पिटल इंद्रप्रस्थ इंडस्ट्रियल एरीया, कोटा में निःशुल्क सुपरस्पेशलिटी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. संदीप जैन, सीनियर फिजिशयन, डॉ. गुरनूर बिंद्रा, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. मीना उमेश, स्पाइन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं डॉ.मीना रीतु कुमारी, दूरबीन सर्जन ने अपनी निःशुल्क सेवाऐं दी। शिविर में ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल एवं थायरॉइड की निःशुल्क जांच की गई। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.राकेश जिंदल ने बताया कि सामाजिक सरोकारो के तहत इस तरह के सुपरस्पेशलिस्ट चिकित्सा शिविरों का भविष्य में भी आयोजन किया जाऐगा। शिविर में 83 मरीज़ लाभान्वित हुए।

### श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 6 से

**करौली ।** करौली की शिव कॉलोनी में 6 नवंबर से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का धूमधाम के साथ आयोजन किया जाएगा। करौली की शिव कॉलोनी निवासी सहायक प्रशासनिक अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा एवं उनके परिवार कि ओर से 6 से 13 नवंबर तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा भारद्वाज पचैरी परिवार के पुष्पेंद्र भारद्वाज, कल्पना भारद्वाज, प्रवीण शर्मा,शौर्य प्रिंसी प्रवीण,विजेयता, युग,लक्षिका एवं कार्यक्रम कि आयोजक श्रीमती रमा शर्मा ने बताया कि बुधवार 6 नवंबर को गणेश पूजन के साथ श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व गौमती कॉलोनी स्थित आश्रम से विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जो कलश यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल निज निवास 'ाि कॉलोनी पहुंचेगी उन्होंने बताया कि इसके अलावा 24 अवतार वर्णन,कपिल देवहुति संवाद ध्रुव प्रहलाद चरित्र,श्री कृष्ण जन्मोत्सव,नंदोत्सव एवं राम चरित्र रविवार 10 नवंबर को बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा,कृष्ण रुक्मणी विवाह,सुदामा चरित्र के साथ 13 नवंबर तक कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।